गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 कमांक 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी,बिलासपुर 495009(छ0ग0)
दूरभाष : 07752–260003,260000

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya,
(A Central University established by the central universities Act 2009 No.25 of 2009)
Koni, Bilaspur 495009 (G.G.)
PH No. 07752-260003,260000

कमांकः 2552 /परीक्षा/दीक्षांत/ 2022 — बिलासपुर, दिनांक 25/03/2022

प्रति,

**सर्व संबंधित छात्र/छात्रायें**
(शोधार्थीगण/पदक प्राप्तकर्ता)

**विषयः–गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के नवम् दीक्षांत समारोह बुधवार दिनांक 20.04.2022 के संबंध में तथा पूर्वाभ्यास दिनांक 19.04.2022 एवं समारोह की पूर्व तैयारियों की जानकारी ।**

-----

विश्वविद्यालय का नवम् दीक्षांत समारोह दिनांक 20.04.2022 दिन– बुधवार को प्रातः 10.00 बजे विश्वविद्यालय परिसर के रजत जयंती सभागार में आयोजित है । इसी अनुक्रम में समस्त संबंधित उपाधि/पदक प्राप्तकर्ता कृपया अवगत हों कि दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास दिनांक 19.04.2022 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से किया जाना है । अतः उक्त निर्धारित तिथि एवं समय में आप सादर आमंत्रित हैं। दीक्षांत समारोह से संबंधित संक्षिप्त जानकारी एवं निर्देश निम्नानुसार हैः–

1. शोधार्थी/पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राए दिनांक 20.04.2022 को प्रातः 8.00 बजे दीक्षांत वेशभूषा में अनिवार्यतः विश्वविद्यालय परिसर के समारोह स्थल में अपनी उपस्थिति देंगे तथा उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने की पुष्टि करेंगे ।

2. दिनांक 19.04.2022 को दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास के पश्चात् अपरान्ह 02.00 बजे से शोधार्थी एवं पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को प्रशासनिक भवन में स्थित परीक्षा विभाग की पंजी में दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने की पुष्टि एवं वेश–भूषा सामग्री सही स्थिति में प्राप्ति की पुष्टि करते हुए हस्ताक्षर करेंगे । दीक्षांत समारोह के अभ्यास में अपने सामान्य वेश–भूषा में भाग लेंगे ।

3. दीक्षांत समारोह के दिन दीक्षांत वेशभूषा धारण करने हेतु निम्नानुसार व्यवस्था की गई हैः–

    1. छात्राओं के लिए – प्रशासनिक भवन के लघु सभागार (प्रथम तल)

    2. छात्रों के लिए – प्रशासनिक भवन के प्रथम तल (उत्तर की ओर)

4. परीक्षा विभाग के संबंधित कर्मचारी समारोह में सम्मिलित होने वाले शोध उपाधि प्राप्तकर्ताओं एवं पदक प्राप्तकर्ताओं की पृथक–पृथक उपस्थिति पंजी तैयार कर रखेंगे । उपस्थिति पंजी में छात्र/छात्राओं के नाम अध्ययनशालावार उसी तरह से तथा उसी कम से अंकित करेंगे जिस कम में उनका नाम दीक्षांत समारोह की पुस्तिका में अंकित है । छात्र/छात्राओं की समारोह स्थल पर आसन व्यवस्था भी दीक्षांत समारोह की पुस्तिका में अंकित कमानुसार होगी । पदक एवं उपाधियॉ भी इसी कम में रखी जायेगी तथा समारोह में वितरण भी इसी कम में होगा ।

5. शोधार्थियों एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं की आसन व्यवस्था अध्ययनशालावार रखी जायेगी ।

6. दीक्षांत वेशभूषा प्राप्त करते हुये प्रत्येक शोधार्थी एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को रूप्ये 500/– (पांच सौ रूपये मात्र) बतौर अमानत राशि तथा शोध छात्रों को इसके अतिरिक्त रूपये 300.00 उपाधि शुल्क के रूप में विश्वविद्यालय में जमा करना होगा, शुल्क

केवल ए.टी.एम. (**A.T.M.**) कार्ड के माध्यम से स्वाईप कराकर अथवा इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा करना होगा, अमानत राशि समारोह के उपरान्त संबंधित शोधार्थी एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं द्वारा दीक्षांत समारोह वेशभूषा वापस जमा करने पर लौटाई जायेगी, जो छात्र/छात्राएँ वेश–भूषा को धरोवर के रूप अपने साथ ले जाना चाहते है, वे वेश–भूषा ले जा सकते है । उनकी धरोहर राशि विश्वविद्यालय में राजसात कर ली जावेगी । समारोह के समापन के उपरान्त दीक्षांत वेशभूषा उसी स्थान के काउन्टर पर जमा होगी जिस स्थल पर काउन्टर से उन्हें वितरित किया गया था ।

जिन शोध उपाधि/स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता अभ्यर्थियों ने पूर्व में शुल्क एवं आवेदन जमा कर दिए हैं उन्हें पुनः शुल्क एवं आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है ।

दीक्षांत वेशभूषा का वितरण दिनांक 07.04.2022 से दिनांक 18.04.2022 तक कार्यालयीन समय में परीक्षा विभाग के उपाधि कक्ष के काउन्टर से किया जायेगा । इन्हीं तिथियों में शोध उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रायें अपने स्वयं के तथा अपने अभिभावकों के पहचान पत्र परीक्षा विभाग से प्राप्त करेंगे । सुरक्षा कारणों से अभिभावकों के पहचान पत्र हेतु संबंधित छात्र/छात्रायें परीक्षा विभाग में अपने **एक अभिभावक** के 02 नग पासपोर्ट साईज का छायाचित्र जमा करेंगे ।

7. समारोह दिवस दिनांक 20.04.2022 दिन बुधवार को प्रातः 8.00 बजे समस्त आमंत्रित शोधार्थी एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रायें दीक्षांत वेशभूषा धारण कर समारोह स्थल रजत जयंती सभागार में अनिवार्यतः अपना स्थान ग्रहण करेंगे । कृपया समय का विशेष ध्यान रखा जावे, क्योंकि समारोह के प्रारंभ होने से 01 घंटे पूर्व समस्त आमंत्रित शोधार्थियों एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को उनकी आसन व्यवस्था एवं दीक्षांत समारोह के संबंध में पुनः विस्तार से निर्देशित किया जायेगा ।
8. शोधार्थी एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये परिचय पत्र को अपनी पहचान की पुष्टि हेतु साथ में लाना अनिवार्य होगा । शोधार्थी/पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रायें अपने **एक अभिभावक** के साथ समारोह में उपस्थित हो सकते हैं, उनके छायाचित्र चस्पा किये गये परिचय पत्र साथ में लाना अनिवार्य है । यदि किसी कारणवश अभिभावकगण को पहचान पत्र प्राप्त नहीं होता है तो वे समारोह तिथि को समारोह प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व तक विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में उपस्थिति होकर उप कुलसचिव, परीक्षा के हस्ताक्षर से जारी पहचान पत्र प्राप्त कर सकेंगे ।
9. आमंत्रित छात्र/छात्रायें एवं उनके अभिभावकगण अपने साथ किसी प्रकार की सामग्री/सूटकेस/बैग इत्यादि लेकर न आयें, अपवाद स्वरूप बाहर से आने वाले छात्र/छात्रा/अभिभावकगण यदि किसी प्रकार के सामग्री/बैग/सूटकेस इत्यादि लेकर आते है तो सामान को स्वयं की जिम्मेदारी पर प्रशासनिक भवन में रखने की व्यवस्था की गई है ।
10. दीक्षांत समारोह में प्रवेश हेतु कोविड–2019 के टीका (Covid-19 Vaccine) के दोनो डोज लगवाने संबंधी प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य होगा।
11. छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक को कोविड–19 के दोनो टीकाकरण **या** RT-PCR टेस्ट के निगेटीव प्रमाण पत्र (Negetive report of RT-PCR Test Certificate) 72 घंटे के अन्दर का होना एवं भारत सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन, दीक्षांत समारोह रिहर्सल दिनांक 19.04.2022 (प्रातः 10.00 बजे) एवं दीक्षांत समारोह दिनांक 20.04.2022 में शामिल होने के लिए अनिवार्य होगा ।
12. दीक्षांत समारोह के बाद दीक्षांत वेशभूषा जो वापिस जमा करवाना चाहते हैं उप–कुलसचिव (परीक्षा) के कार्यालय में उसी दिन कार्यालयीन समय तक जमा करनी होगी। इस तिथि के बाद रू. 100.00 प्रतिदिन की दर से अर्थदण्ड लगेगा।

13. दीक्षांत समारोह से संबंधित किसी भी जानकारी के लिये निम्न से सम्पर्क किया जा सकता हैः
(1) श्री विपीनचन्द्र बंसियार, अनुभाग अधिकारी, गोपनीय मोबाईलनं.– 9425202867
(2) श्री के.के. तिवारी, अनुभाग अधिकारी, परीक्षा, मोबाईलनं.– 9754159853
(3)श्री टी0पी0 सिंह, सहा0 कुलसचिव (अकादमिक)– 07752–260342 मोबाईलनं.– 9424169003
(4)डॉ0सम्पूर्णानंद झा, उप–कुलसचिव (परीक्षा) – 07752 – 260000, 260490, 260003 मो. नं.–7587708454

समस्त संबंधित शोध उपाधि/पदक प्राप्तकर्ता एवं उनके अभिभावक दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है ।

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक (कार्यवाहक)
बिलासपुर, दिनांक 25/03/22

पृ.कमांकः 2553 /परीक्षा/दीक्षांत/ 2022
प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के निज सचिव, की ओर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव के निज सहायक, की ओर कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. परीक्षा नियंत्रक, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय को सूचनार्थ ।
4. सभी अध्ययन शालाओं के अधिष्ठाता की ओर सूचनार्थ ।
5. विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्षों की ओर इस आशय के साथ की उनके विभाग के स्वर्ण मंडित पदक धारक एवं शोधार्थीयों को उक्त सूचना से अवगत कराये जाने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।
6. विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों की ओर सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. समन्वयक, आई0टी0 प्रकोष्ठ को सूचनार्थ एवं वेबपटल पर जारी करने हेतु।
8. प्रभारी बैठक प्रकोश्ठ की ओर सूचनार्थ ।
9. मीडियाप्रभारी की ओर समाचार पत्रोंमेंप्रकाशन की व्यवस्था हेतु प्रेषित।

25/3/2022
उप कुलसचिव (परीक्षा)